प्रेस नोट दिनांक 25.11.2023

♦साइबर ठगों पर प्रहार, साइबर हेल्प लाइन 1930 का वॉर।

♦साइबर सुरक्षा हमारी आधुनिक, डिजिटल दुनिया का अनिवार्य पहलू है।

♦साइबर क्रॉइम सेल चन्दौली ने कराया पीड़ित का 35395/- रुपये वापस ।

♦यूपीआई के माध्यम से कुल 35395/- रुपये का हुई थी ठगी ।

जैसे- जैसे वैश्विक परिदृश्य तेजी से आपस में जुड़ता जा रहा है, साइबर सुरक्षा का महत्त्व बढ़ता जा रहा है। आजकल फ्राड करने वाले तरह-तरह के तरीके अपनाते हुए लोगों को मूर्ख बनाकर उनके खाते से पैसा चुरा रहे हैं। इसी क्रम में श्री विजय कुमार दुबे पुत्र स्व० ओमप्रकाश दुबे निवासी ग्राम वार्ड नं0-1 थाना-चन्दौली, जनपद-चन्दौली वादी को यूपीआई के माध्यम से कुल 35395/- रु0 की ठगी कर लिया गया था । जिसके सम्बन्ध में वादी विजय कुमार दुबे द्वारा दिनांक 16.11.2023 को अपने साथ फ्राड होने के सम्बन्ध में श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय चन्दौली के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया था । श्रीमान् पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान् क्षेत्राधिकारी आशुतोष के गहन नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार यादव मय साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वादी विजय कुमार दुबे के साथ हुई ठगी की कुल रकम 35395/-रु0 वापस कराये गये।

रुपया बरामद कराने वाली टीम-

1. हे.का. पवन यादव

2 हे.का. सुनील मिश्रा

3.का. अनिल कुमार प्रजापति

4.का. संतोष यादव

5.का. आशुतोष भारद्वाज